हरिभूमि
# कोरबा भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 30 मार्च 2026
[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]



RAIPUR | INDIA
## KALINGA UNIVERSITY

NAAC Accredited NIRF 2025 Ranked: 101-150 | 50+ Acre Campus | 130+ Programs | 8000+ Students from 33 Countries | 400+ Recruitment Partners

Where Words Become **Weapons.**

# BA LLB
# BBA LLB
# LLB
# LLM

LEARN TODAY LEAD TOMORROW

Specialisations in **LLM** (Select any Two) - Cyber Law, Crime and Torts, Business and Corporate Law, Intellectual Property Rights (IPR), Constitutional & Administrative Law, Labour Law




BE DIFFERENT! BE BETTER! BE AHEAD!

**Benefits you can avail when you apply early:**

- *Priority program selection*
- *Access to exclusive scholarship opportunities*
- *Preferred hostel room allotment*
- *One-to-one career counselling Session by expert counsellor*
- *Guidance on the latest education policy and curriculum structure*
- *Access to centres of excellence and new-age program information*

**CLAT and LSAT score card accepted**

Top Recruiters:
KPMG, BCG, Deloitte, PWC, Luthra & Luthra Law Offices, Clutch Group, Pangea3

**OUR PROGRAMS**

PHARMACY
**D.Pharmacy**
**B.Pharmacy**
**M.Pharmacy**
**Pharm.D**

ARTS & HUMANITIES
**BA | BA (J & MC) | BSW**
**BA (Lib. Arts) | MA | MSW**
**MA (J & MC)**

COMMERCE
**B.Com.**
**B.Com. Hons.**
(in Banking & Finance)
{Includes GST & Taxation}
**M.Com.**
**M.Com.**
(Banking & Finance)

EDUCATION
**B.P.Ed | B.Ed**
**MA.Ed. | MA.(P.Ed)**

DESIGN
**Bachelor of Fashion Design**
**Bachelor of Interior Design**
**Master of Fashion Design**
**Master of Interior Design**

RESEARCH
**Ph.D.**

LIBRARY SCIENCE
**B.Lib.**
**M.Lib.**

SCIENCE
**B.Sc.**
**M.Sc.**

INFORMATION TECHNOLOGY
**DCA | PGDCA**
**MCA**

YOGA
**Diploma**
**B.Sc.**
**PG Diploma**
**M.Sc.**

MANAGEMENT
**BBA**
**MBA**

ENGINEERING
**Diploma | B.Tech**
**M.Tech**

**NEW-AGE PROGRAMS**

- **BBA** (With **FINTECH** as a specialisation)
- BCA in **AI & ML**
- B.CS & M.CS in **AI & ML and Cybersecurity**
- B.Sc. & M.Sc. in **Forensic Science**
- BBA in **Film Making** In collaboration with NIIRA EDUCOM
- B.Tech CS in **AI & ML** In collaboration with IBM Innovation Centre for Education
- Master of **Data Science**
- BCA Specialisation in **Game Development with AI**
- Bachelor & Master of **Animation & VFX**

# +91-9907252100

Campus: Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur – 492101, Chhattisgarh
City Office: 2nd Floor, Aditya Heights, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001, Chhattisgarh
Bhilai Office: 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

SCAN THE **QR CODE**
To Register for our Entrance Examinations
**KALSEE/KAL-MAT**

## खबर संक्षेप

### सामान नहीं मिलने पर चोरों ने की तोड़फोड़

**बिलासपुर।** सूने मकान में कीमती सामान नहीं मिलने पर चोरों ने जमकर तोड़फोड़ की है। वहीं इलेक्ट्रानिक सामान, कपड़ा, बर्तन, बैंक पासबुक चोरी कर भाग गए।

तोरवा पुलिस के अनुसार, हेमूनगर गणपति चौक नारायणी टावर निवासी शिक्षिका सीमा देवी पति स्व. जगदीश प्रसाद साहू एक साल पहले मकान के दरवाजे में ताला लगाकर बच्चों को पढ़ाने के लिए रायपुर चली गई हैं। रायपुर माना में रहकर बीच बीच में आकर अपने घर को देखती थीं। 26 मार्च को वे अपने घर देखने के लिए दोपहर 1.30 बजे आई तो दरवाजे का कुंदा टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो आलमारी में रखा कपड़ा, बर्तन, बैंक पासबुक, इलेक्ट्रानिक सामान की चोरी हो गई थी। घर में चोरों को कीमती सामान हाथ नहीं लगने पर इलेक्ट्रानिक वायरिंग, पंखा, कूलर आदि अन्य सामान को तोड़फोड़ कर नुकसान कर दिया गया था। पुलिस ने श्रीमती साहू की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305, 324, 4, 331, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### बिजली ठेकेदार की इलाज के दौरान मौत

**बिलासपुर।** होली के दिन सड़क हादसे में घायल बिजली ठेकेदार की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सिविल लाइन थाना के एएसआई विष्णु साहू ने बताया, रिंग रोड टू चंदेलानगर निवासी बिजली ठेकेदार गोविंद यादव पिता स्व. इंद्रेसन यादव 45 साल 4 मार्च होली के दिन होली खेलकर स्कूटी से घर लौट रह थे। रिंग रोड टू यश सुपरबाजार के पास अज्ञात वाहन के चालक ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी और भाग गया था। हादसे में श्री यादव गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया था। 28 मार्च को अपोलो हास्पिटल ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### घर लौटे स्वामी बेहोश होकर गिर गए, मौत

**बिलासपुर।** सुबह हटलने के बाद स्वामी जी घर लौटे कुछ देर बाद बेहोश होकर गिर गए और उनकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सिविल लाइन थाना के एएसआई विष्णु साहू ने बताया, अमरकंटक पुष्पराजगढ़ निवासी स्वामी राजेश्वरनंद पिता सोमेश्वर 52 साल जयपाल टावर फेस 2 फ्लैट नम्बर 401 मीना दत्ता के फ्लैट में 2019 से रह रहे थे, वे नाड़ी देखते थे व कथा करते थे। 29 मार्च की सुबह वे पैदल टहलते हुए बृहस्पति बाजार तक गए। उसके बाद फोन कर आटो चालक अशोक साहू को बुलाकर घर गए। कुछ देर बाद उनसे मिलने के लिए 4 लोग आए। इसी दौरान वह बेहोश होकर गिर गए और उनकी मृत्यु हो गई। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सिविल लाइन पुलिस फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के कोई चोट नहीं मिला है। बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### एनएच पर खड़े ट्रेलर से 270 लीटर डीजल पार

**बिलासपुर।** एक बार फिर डीजल चोर गिरोह सक्रिय होकर गया है। गिरोह ने नेशनल हाइवे पर खड़े ट्रेलर से 270 लीटर डीजल चोरी कर लिया है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।
कोनी पुलिस के अनुसार, सिरगिट्टी गोविंदनगर निवास विशाल सलूजा 45 साल ने रिपोर्ट लिखाई। वे आशीवार्द बिल्डकॉम में सुपरवाइजर हैं। उनकी कंपनी के ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीएस, 9548 के चालक विकास यादव 28 मार्च की सुबह करीब 9.30 बजे फोन कर सूचना दी रात 2 बजे ट्रेलर खराब होने पर सेंदरी रोड नेशनल हाइवे जय टाटा मोटर के सामने सड़क किनारे खड़ा कर सो गया था। रात 3.15 बजे नींद खुलने पर उसने देखा कि ट्रेलर के डीजल टैंक का ढक्कन खुला हुआ था और लॉक भी खराब मिला। जांच करने पर पता चला कि टैंक से 270 लीटर डीजल चोरी हो गया था। पुलिस ने विशाल सलूजा की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 303, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। ज्ञात हो कि लंबे समय डीजल चोर नेशनल हाइवे में सक्रिय होकर खड़े भारी वाहनों से डीजल चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। गिरोह के सदस्य चार पहिया वाहन में घूमते रहते हैं । लगातार चोरी के बाद भी पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पा रही है।

कुदुदंड के पंप हाउस में हो रहा निर्माण | शासन से मिली 1.59 करोड़ रूपए की स्वीकृति

# अब तक खुले में रहने वाले अग्निशमन वाहनों को भी मिल सकेगा 'ठिकाना'



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले का पहला फायर स्टेशन कुदुदंड के पंप हाउस में आकार ले रहा है। शासन द्वारा इसके निर्माण के लिए 1 करोड़ 59 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

फायर स्टेशन बनने के बाद अब तक खुले में पड़े रहने वाले अग्निशमन वाहनों को भी छत नसीब हो सकेगी। इसी तरह स्टेशन परिसर में बनाए जाने वाले पानी के बड़े टैंकों में पानी का अधिक स्टोरेज किया जा सकेगा, जो शहर के भीतर आगजनी की घटनाओं पर जल्द नियंत्रण पाने में सहायक साबित होंगे।गर्मी के दिनों में हर साल आगजनी की घटनाओं में बड़ा नुकसान उठाने वाले बिलासपुर शहर को अब इससे कुछ निजात मिल सकेगी। शासन द्वारा शहर में फायर स्टेशन बनाने की मंजूरी प्रदान की गई है। कुदुदंड स्थित नगर निगम के पंप हाऊस में 1.59 करोड़ रूपए की लागत से फायर स्टेशन का निर्माण कराया जा रहा है। फायर स्टेशन के अंतर्गत फायर स्टेशन कार्यालय भवन, फायर वाहन पार्किंग, जल जलाशय वाशिंग रैंप, एवं सुखाने हेतु होस टॉवर का निर्माण किया जाएगा। फायर स्टेशन में बड़ा मैदान उपलब्ध होने के कारण जवानों को समय-समय पर मॉक ड्रिल करने में भी काफी सुविधा रहेगी। नगर सेना विभाग के पास वर्तमान में शहर के लिए कुल छह अग्निशमन वाहन उपलब्ध हैं, जिन्हें शेड की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण खुले में ही रखना पड़ता है। चूंकि यह वाहन मशीनों से लैस होता है, जिससे लगातार खुले में होने का काफी नुकसान भी उठाना पड़ता है। वाहनों में न केवल खराबी आती है, बल्कि इनकी लाईफ भी कम हो जाती है। फायर स्टेशन में इनके लिए शेड का निर्माण होने से इन्हें भी सुरक्षित रखा जा सकेगा। वर्तमान में फायर स्टेशन निर्माण के अंतर्गत नीव खुदाई का कार्य किया जा रहा है। इसका निर्माण पूर्ण करने के लिए अगस्त 2026 की तिथि तय की गई है।

### शहर को मिलेगा लाभ

फायर स्टेशन बन जाने के बाद शहर को बड़ा लाभ मिल सकेगा। सबसे बड़ा लाभ तो यह होगा कि अग्निश्मन वाहनों को छत मिल सकेगी। अभी खुले में होने के कारण इनमें खराबी आने का भी भय बना रहता है। बड़ा मैदान होने के कारण जवानों को समय-समय पर मॉक ड्रिल के लिए पर्याप्त जगह मिल सकेगी। भविष्य में अग्नशमन वाहनों की संख्या में बढ़ोतरी की भी पूरी संभावना है।

**-दीपांकुर नाथ**
कमांडेंट होमगार्ड

प्रबंधन ने कई बार लिखी निगम और पुलिस को चिट्ठी

# सिम्स के सामने अवैध पार्किंग: कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति, रोजाना जाम में फंसते हैं मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लाख कोशिशों के बावजूद सिम्स के सामने अवैध पार्किंग को हटाने में प्रशासनिक अमला विफल हो चुका है। खानापूर्ति कार्रवाई का असर महज 29 4 दिनों तक रहता है, इसके बाद स्थित जस की तस हो जाता है।

■ ठेले व गुमटियों का डेरा

सिम्स में रोजाना दुर्घटना के बाद दो दर्जन से अधिक लोग एम्बुलेंस में पहुंचते हैं, लेकिन जाम की स्थिति के कारण हमेशा विलंब का सामना करना पड़ता है, ऐसे में मरीज की जान भगवान के भरोसे ही होती है। सिम्स प्रबंधन ने नगर निगम और यातायात पुलिस को कई बार चिट्ठी लिखी है, लेकिन समस्या पर ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

सिम्स मे सामने गुमटी और ठेलों के साथ ही निजी एम्बुलेंस चालकों का कब्जा बना हुआ है। यह स्थिति दिन ब दिन बिगड़ती जा रही है। सिम्स के गार्डो से हर बार हुज्जतबाजी की जाती है, जिसके चलते प्रबंधन अब इनसे मुंह नहीं लग रहा है। दूसरी ओर प्रबंधन द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र लिख समस्या से निजात दिलाने की मांग की गई है, लेकिन महज खानापूर्ति कार्रवाई ही की जाती है। खास बात यह है कि कुछ माह पहले कोर्ट के संज्ञान के बाद प्रशासन ने कार्रवाई कर निजी एम्बुलेंस चालकों को सिम्स के पीछे रिवर व्यू रोड पर जगह दिलाई और यहीं एम्बुलेंस रखने की हिदायत दी थी, लेकिन रोजाना सिम्स के सामने ही एम्बुलेंस खड़ी की जा रही है। इसी प्रकार ठेले और गुमटियों को भी नगर निगम ने हटाया था,कार्रवाई के बाद 3 से 4 दिनों तक स्थिति बनी रही , पर निगम की अनदेखी के चलते फिर से ठेले और गुमटियां लगाई जा रही हैं। जिससे हर आने व जाने वालों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे बड़ी मुसीबत तब होती है जब 112 वाहन और 108 एम्बुलेंस में मरीज सिम्स में इलाज कराने पहुंचते हैं, इस दौरान भीड़ से निकलना मुश्किल हो जाता है और मरीज की सांस कई बार उखड़ते दिखती है।





### यातायात पुलिस रहती है वसूली में व्यस्त

सिम्स और रिवर व्यू चौक पर नीम के पेड़ के नीचे रोजाना यातायात पुलिस का बल दिखाई देता है। इस दौरान हर दो पहिया वाहन चालक को रोक दस्तावेज की मांग करते हुए चालान की कार्रवाई की जाती है, लेकिन इन एम्बुलेंस को वहां से हटाने को लेकर यातायात पुलिस के पास कोई आदेश नहीं होता है। जाम में फंसते आम लोग पुलिस की इस व्यवस्था को देख अपनी किस्मत को कोसते दिखते है।

### बीमारी परोस रहे ठेले

जिस सिम्स में रोजाना हजारों लोग इलाज कराने आते हैं, उसके ठीक बाहर सड़क पर बीमारी परोसी जा रही है। दरअसल यहां लगने वाले ठेले और गुमटियों में गुणवत्ताहीन खाद्य सामाग्री बेची जा रही है। जिस जगह सिम्स के सीवर का ट्रीटमेंट प्लांट है, इसी से लगे गुमटियों से मरीज और परिजन खाद्य सामाग्री खरीद कर खा रहे है। ऐसे में दुषित खाने से लोगों के बीमार पड़ने की आशंका बनी रहती है।

### अधिकारियों को अवगत कराएंगे

हमने कई बार पुलिस और नगर निगम को पत्र लिखा है। व्यक्तिगत तौर पर भी मैंने अधिकारियों को कहा है, हम सिम्स के अंदर व्यवस्था संभाल सकते हैं। बाहर गार्ड जाकर हटाने की कोशिश करता है तो कई बार झगड़े हो चुके हैं। फिर से अधिकारियों को अवगत कराया जा जाएगा।

**-डॉ लखन सिंह**, अधीक्षक, सिम्स

शहर में खरीदी-बिक्री पर रोक

# दिल्ली से ट्रेन में बिलासपुर पहुंच गए ढेरों चूजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बर्ड फ्लू को ध्यान में रखते हुए शहर में दस किलोमीटर के दायरे में मुर्गे-मुर्गियों और चूजों के विक्रय और परिवहन पर प्रतिबंध के बीच दिल्ली से ट्रेन में लाए गए चूजों ने हड़कंप मचा दिया है। बिलासपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-8 में संभवतः शहर में सप्लाई के लिए ट्रेन से बड़ी संख्या में चूजे उतारे गए हैं। जानकारी के बाद हड़कंप मचा हुआ है। इस मामले में रेल्वे प्रशासन अगली कार्रवाई के लिए पशुपालन विभाग को पत्र लिख रहा है।

एक ओर जहां बर्ड फ्लू पर नियंत्रण पाने जिला प्रशासन ने पूरी ताकत झोंक दी है, वहीं दूसरी ओर रविवार को दिल्ली से बड़ी संख्या में चूजों की बिलासपुर सप्लाई ने हड़कंप मचा दिया है। प्रशासन ने शहर में दस किलोमीटर के दायरे में मुर्गे-मुर्गियों व चूजों की खरीदी-बिक्री एवं परिवहन पर 21 दिनों तक प्रतिबंध लगाया है। इसके विपरीत रेल जैसे बड़े एवं महत्वपूर्ण यात्री वाहन में बड़ी संख्या में चूजों की सप्लाई कहीं ना कहीं एक बड़ी चूक की ओर इशारा कर रही है। रविवार को बिलासपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-8 में बॉक्स में ट्रेन से चूजे उतारे गए। बॉक्स के भीतर चूजे होने की जानकारी मिलते ही रेल प्रशासन भी हरकत में आ गया है।

■ पशुपालन विभाग को कार्रवाई के लिए भेजा जाएगा पत्र



### दिल्ली से की गई है सप्लाई

दिल्ली से चूजों की बिलासपुर सप्लाई की गई है। चूंकि यहां बर्ड फ्लू के मद्देनजर मुर्गे-मुर्गियों एवं चूजों की खरीदी-बिक्री व परिवहन पर प्रतिबंध है, जिससे इस संबंध में चूजे भेजने एवं प्राप्त करने वाले की पूरी जानकारी अगली कार्यवाही के लिए पशुपालन विभाग को दी जा रही है।

**-अनुराग कुमार सिंह,** सीनियर डीसीएम, बिलासपुर रेल मंडल

### एक महीने पहले की गई थी चूजों की बुकिंग

रायगढ़ जिले के तमनार की पार्टी के हैं। इन चूजों की खरीदी के लिए संबंधित ने एक महीने पहले बुकिंग कराई थी। बुंकिंग के आधार पर संबंधित को सप्लाई की गई है। उक्त चूजों को सुरक्षित एवं सावधानीपूर्वक तरीके से तमनार रवाना कर दिया गया है।

**-जीएस तंवर,** संयुक्त संचालक, पशुपालन विभाग

# बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शादी का कार्ड बांटकर गांव लौट रहे बाइक सवार दो लोगों को पीछे से अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में एक की मौत हो गई है। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है।

■ शादी का कार्ड बांटकर गांव लौट रहे थे बाइक सवार

कोटा टीआई नरेश चौहान ने बताया, दर्रीकांपा निवासी परसराम पोर्ते पिता झूनराम 60 साल, भरत सिंह ध्रुव पिता शिव सिंह 45 साल के साथ शादी का कार्ड बांटने चोरभट्ठी आए थे। कार्ड बांटने के बाद दोनों प्लेटिना क्रमांक सीजी10 बीई, 7701 में गांव दर्रीकांपा लौट रहे थे। दोपहर 3 बजे ग्राम नेवरा के पास पीछे से अज्ञात वाहन के चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी और भाग गया। चक्के की चपेट में आने से परसराम पोर्ते की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं भरत सिंह ध्रुव गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल भरत सिंह को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान करने में लग गई है।



# मवेशी तस्करी के मामले में नाबालिग समेत दो गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** पशु तस्करी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पुलिस ने विधि से संघर्षरत बालक समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से चार नग मवेशी बरामद किया है। गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मूलत सोराजपुर लटोरी संबलपुर हाल मुकाम गांधीनगर हनुमान मंदिर रोड निवासी अमन प्रेम तिग्गा 28 मार्च की रात 11 बजे अपने दोस्तों के साथ सरगवां से वापस गांधीनगर की और लौट रहा था। इस दौरान सरगवां वाटर पार्क के पास एक महिंद्रा पिकप क्रमांक यूपी 25 जेटी 2549 को सड़क किनारे खड़ा कर वाहन में दो लोग पन्नी बांध रहे थे और वाहन में कुछ छिपाने का प्रयास किया जा रहा था। ऐसे में जब युवकों ने संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की तो युवक गोलमोल जवाब देने लगे। युवकों ने जब पिकअप में लगे तिरपाल को हटाकर देखा गया तो अंदर चार नग मवेशियों को ठूंस ठूंसकर भरा गया था। ऐसे में उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने यूपी भौज्पुरा अभयपुर निवासी 41 वर्षीय मुर्शीद आ. जबर खान व एक विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल करते हुए मवेशियों को बूचड़खाना लेकर जाने की बात कही। पुलिस ने मामले में आरोपियों को कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4,6,10 व पशुओं के प्रति कुरता निवारण अधि. 1960 की धारा 11 डी के तहत गिरफ्तार किया गया है जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना गांधीनगर से उनि दिलीप दुबे, सउनि सुभाष ठाकुर, प्रधान आरक्षक अमित सिंह, आरक्षक कुंदन पाण्डेय, घनश्याम देवांगन सक्रिय रहे।



# रेलवे ट्रैक में मिली युवती की लाश

**बिलासपुर।** रेलवे ट्रैक में एक युवती की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। हाथ कट गया था और शरीर में चोट के निशान थे। ट्रेन से गिरकर मौत होने की आशंका जताई जा रही है। मृतका की पहचान नहीं हो पाई है। मस्तूरी टीआई अजहरउद्दीन ने बताया, 29 मार्च की सुबह किसान परसदा के ग्रामीण रोज की तरह निमार्णाधीन अंडरब्रिज के पास से गुजर रहे थे। लोगों ने रेलवे ट्रैक में एक युवती लाश पड़ी देखी। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई।



सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। मृतका हाथ कट गया था और शरीर में चोट के निशान थे। मृतका की उम्र 20 से 25 साल लोवर टीशर्ट पहनी हुई है और उसकी पहचान नहीं हो पाई है। ट्रेन से गिरकर मृत्यु होने की आशंका जताई जा रही है। पहचान कार्रवाई के लिए जिले के थानों में सूचना दे दी गई है।

न्यायालय नायब तहसीलदार करतला
जिला कोरबा (छ०ग०)
/ सूचना पत्र /
क्रमांक/547/तह०/वाचक / 2026
करतला दिनांक 20/03/2026
प्रति,
1. श्याम बाई पिता हरिहर सिंह, जाति-कंवर
2. उमा पिता हरिहर सिंह, जाति-कंवर
3. रमा बाई पिता हरिहर सिंह, जाति-कंवर
4. शमा बाई पिता हरिहर सिंह, जाति-कंवर
सभी ग्राम-केरवाद्वारी तहसील-करतला जिला-कोरबा (छ०ग०)
विषयः- उपस्थित होने बाबत।
उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि इस न्यायालय के रा०प्र०क०............अ-6-अ/2024-25 में आवेदक शिव प्रसाद पिता स्व० गुलाब राम उम्र 55 वर्ष, जाति-मरार, कास्तकारी ग्राम-केरवाद्वारी तहसील-करतला, जिला-कोरबा (छ०ग०) के द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम-केरवाद्वारी, प०ह०नं०-28 रा०नि०मं०-नोनबिर्रा, तहसील-करतला स्थित भूमि खसरा नंबर 621/1/थ, रकबा 0.170 हे० भूमि जो आवेदक के नाम पर संयुक्त खाते में राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त वादग्रस्त भूमि में त्रुटिवश आवेदक के पिता का नाम गुलाब राम के स्थान पर क 2003-04 तथा ऋण पुस्तिका कमांक-2635571 में आवे० का पिता का सही नाम दर्ज है। जिसे उक्त खाते के राजस्व अभिलेख में सही नाम शिव प्रसाद पिता गुलाब राम को राजस्व अभिलेख में दुरूस्त कराने छ०ग०भू०रा० संहिता 1959 की धारा 115 के तहत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिसमें सुनवाई हेतु पेशी तारीख 01/04/2026 दिन-बुधवार को नियत है।
अतः आपको सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मामले की सुनवाई की तारीख 01/04/2026 को दिन के समय 10:30 बजे होगी। नियत समयावधि को उपस्थित नहीं होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षी कार्यवाही की जावेगी।
आज दिनांकः-20/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
स्थानः- करतला दिनांक-20/03/2026
नायब तहसीलदार
करतला
जिला कोरबा (छ.ग.)

कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

# सरकारी दफ्तर को भी नहीं छोड़ रहे चोर

**बिलासपुर।** जिला लोक अभियोजन कार्यालय में एसी तोड़कर अंदर घुसे चोर मशीनिरी सामान, नकद रकम चोरी कर तीन आलमारी को तोड़कर जमकर आंतक मचाया। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, कम्पोजिट बिल्डिंग स्थित जिला अभियोजन निदेशालय के जिला अभियोजन अधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने रिपोर्ट लिखाई। 28 मार्च को सुबह 9.50 बजे चौकीदार विमल चंद भार्गव ने उन्हें फोन कर बताया, वह कार्यालय का मेन गेट का ताला खोलकर कार्यालय के अंदर गया तो देखा उपनिदेशक अभियोजन कक्ष की एक आलमारी खुली हुई थी। उनके कक्ष के एक कुर्सी में बहुत सारी चाबी रखी हुई थी। इसी कक्ष से लगे हुए कक्ष जिसमें पीसीडी चंद्रभान सिंह एवं अन्य लिपिक बैठते हैं, वहां रखी हुई आलमारी खुली हुई थी। श्री सिंह 10.20 बजे कार्यालय जाकर देखे तो कार्यालय के छत का दरवाजा टूटा हुआ था। एसी के अंदर का कीमती सामान चोरी करके ले जाया गया था। संयुक्त संचालक कक्षा में रखी हुई तीन आलमारियों का ताला तोड़ दिया गया था। कक्ष में कार्यरत सहायक गेड 3 अनुराधा शर्मा उन्हें बताया कि एक आलमारी की डिब्बे में रखा 500 रुपए गायब है। उसमें रखा हुआ पेन ड्राईव एवं डिब्बे को कक्ष के खिड़की के पास फेंक दिया गया है। पीसीडी कक्ष में रखा हुआ एडीआर बिल्डिंग के अभियोजन कक्ष के ताले की चाबी चोरी हो गई है। पुलिस ने श्री सिंह की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305, 331, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



■ एसी तोड़कर अंदर का सामान ले उड़े चोर

### वाहन की टक्कर से ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** बोदरा चौक के समीप बाइक सवार को अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए ग्रामीण की उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम करवां निवासी राम सिंह मरकाम आ. जगेश्वर मरकाम (56 वर्ष) बाइक से जा रहा था और जैसे ही लटोरी बोदरा चौक के समीप पहुंचा तभी अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को लटोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

4

धर्मांतरित लोगों के घर वापसी का ये सही मौका : धीरेंद्र




## खबर संक्षेप

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामुहिक सुनी मन की बात

**कोरबा।** वार्ड क्रमांक 34 में भाजपा झुग्गी झोपड़ी के तत्वाधान में भाजपा के वरिष्ठ अशोक चावलानी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 132 वें संस्करण सामूहिक रूप से श्रवण किया गया। कार्यक्रम में भाजपा झुग्गी झोपड़ी के जिलाध्यक्ष अमित टमकोरिया उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने समसामयिक विषयों के साथ-साथ मिडिल ईस्ट संकट, ज्ञान भारतम सर्वे अभियान, खेल एवं खेलभावना, जल संचयन जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया। साथ ही समस्त नागरिकों से इस वैश्विक संकट काल में किसी भी प्रकार के अफवाहों से दूर रहने एकजुट रहने की अपील की। इस दौरान पार्षद प्रताप सिंह कंवर, ललेश दुबे, कुंज द्विवेदी, श्रीमती सरस्वती पटेल, छोटे लाल साहू, युवराज सिंह, गुड़िया यादव, गोपलाल, हेमंत चन्द्रा, विकास चौहान, राजकुमार पटेल, भारत सोनी, स्वप्निल झा, संजय सारथी, दिनेश चावरिया, देव कुमार गौतम, हिमांशु जायसवाल उपस्थित रहे।

### डीएवी खरमोरा में मनाया गया ग्रेजुएशन डे

**कोरबा।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खरमोरा परिसर में ग्रेजुएशन डे अर्थात शैक्षणिक वार्षिक परीक्षा का रिजल्ट का घोषणा किया गया। कक्षा एलकेजी से लेकर नौवीं तथा ग्यारहवीं के छात्रों को रिपोर्ट कार्ड, प्रमाण पत्र एवं मेडल प्राचार्य मुखर्जी द्वारा बच्चों के अभिभावकों की उपस्थिति में प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त छात्रों को सिल्वर जोन ओलंपियाड में अव्वल स्थान रखने वालों को भी प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान किया गया। इसके साथ इंटर स्कूल क्विज प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वालों को भी मंच पर प्रमाणपत्र के साथ सम्मानित किया गया। अधिकतम अटेंडेंस तथा मोस्ट केयरिंग पेरेंट्स का भी प्रमाणपत्र छात्रों एव उनके अभिभावकों को दिया गया। प्राचार्य हेमन्तो मुखर्जी ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता केवल उनकी मेहनत का परिणाम नहीं है, बल्कि इसमें अभिभावकों एवं शिक्षकों का समान योगदान होता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

### हेल्थ कैंप में 238 लोगों को मिला निःशुल्क उपचार

**कोरबा।** बेलाकछार गांव में हेल्पेज इंडिया द्वारा बालकों सीएसआर के तत्वावधान मे हेल्थ कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई। कैंप में शिशु रोग, अस्थि रोग, त्वचा रोग, स्त्री रोग एवं दंत रोग विशेषज्ञों के साथ जनरल मेडिसिन चिकित्सकों की सेवाएं प्रदान की गईं। इसके अलावा लैब जांच और फिजियोथेरेपी की सुविधाएं भी उपलब्ध रहीं। सभी लाभार्थियों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच के साथ नेचुरल दवाइयों का वितरण किया गया। इस हेल्थ कैंप में 238 लाभार्थियों ने अपनी स्वास्थ्य समस्याओं का परामर्श एवं उपचार प्राप्त किया।

### कम से कम 5 साल की सेवा अवधि पूरी करने के बाद मिलेगा होम लोन

# कोयला कर्मियों को अब होम लोन के लिए मिलेगा 30 लाख तक एडवांस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल में काम करने वाले कोयला कर्मचारियों के लिए एक अच्छी खबर है। एसईसीएल कंपनी प्रबंधन अब अपने कर्मचारियों को घर बनाने के लिए कम से कम 30 लाख रुपये तक का होम लोन देगी लेकिन कंपनी ने इसके लिए कुछ शर्त भी रखी है। शर्त यह है कि एसईसीएल में कम से कम पांच साल तक सेवा देने के बाद ही कर्मचारियों को इसका लाभ मिल सकेगा।

**खास बात**

- पति और पत्नी दोनों कंपनी में कार्यरत हैं तो किसी एक को मिलेगा लोन



फाइल फोटो

कोल इंडिया लिमिटेड ने अपने कर्मियों के लिए हाउस बिल्डिंग एडवांस (एचबीए) के नियमों में अहम संशोधन किया है। नए नियमों के तहत कोल कर्मियों को घर बनाने या खरीदने के लिए अब 30 लाख रुपये तक की अग्रिम राशि मिल सकेगी। कंपनी के उन नियमित कर्मचारियों को यह लाभ मिलेगा, जिन्होंने कम से कम पांच वर्ष की सेवा (प्रोबेशन अवधि को छोड़कर) पूरी कर ली है। यदि पति और पत्नी दोनों कंपनी में कार्यरत हैं तो यह एडवांस केवल किसी एक को ही देय होगा। कर्मी को उसके 75 महीनों के वेतन (बेसिक डीए आदि) या 30 लाख रुपये, जो भी कम हो, उतनी राशि दी जाएगी। जिस घर का निर्माण या खरीद की जा रही है उसका क्षेत्रफल कम से कम 22 वर्ग मीटर होना अनिवार्य है।

**55 साल के बाद नहीं मिलेगा होम लोन**

कंपनी प्रबंधन ने तय किया है कि ऐसे कर्मचारी जिनकी सेवानिवृत्ति में 5 वर्ष से कम का समय बचा है, वे इस योजना के पात्र नहीं होंगे अर्थात उम्र सीमा 55 साल से अधिक नहीं होना चाहिए। दूसरे सरकारी या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) से कोल इंडिया में आनेवाले कर्मियों की पिछली लगातार सेवा को भी इस पांच साल की अवधि में गिना जाएगा।

**किन कामों के लिए मिलेगा पैसा**

यह एडवांस नए घर के निर्माण, प्लॉट खरीदने, तैयार घर खरीदने या मौजूदा घर के विस्तार के लिए लिया जा सकता है। घर के विस्तार के लिए अधिकतम 6 लाख रुपये तक की सीमा तय की गई है। बशर्ते कर्मी की कम से कम तीन वर्ष की सेवा शेष हो। नियमों के अनुसार कोई भी कर्मी अपने पूरे सेवाकाल में केवल एक बार ही इस एडवांस का लाभ उठा सकता है। साथ ही यह लोन अपने किसी ऐसे रिश्तेदार से जमीन या घर खरीदने के लिए नहीं दिया जायेगा जो उन पर आश्रित हों।

## गेवरा खदान ने एक दिन में सर्वाधिक कोयला उत्पादन का बनाया रिकॉर्ड



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विश्व की दूसरी बड़ी कोयला खदान गेवरा ओपनकास्ट ने एक दिन के प्रोडक्शन का नया रिकॉर्ड बनाया है।

**खास बात**

- एक दिन में 54.26 मिलियन टन किया गया कोयला उत्पादन

कोल इंडिया लिमिटेड की औद्योगिक कंपनी एसईसीएल की गेवरा ओपनकास्ट खदान ने 25 मार्च को 3,47,132 टन कोयला उत्पादन दर्ज किया, जो गेवरा खदान के इतिहास का एक दिन का सर्वाधिक उत्पादन है। इससे पहले 31 मार्च 2024 को 3,46,583 टन कोयले का उत्पादन हुआ था। गेवरा खदान से 26 मार्च की स्थिति में 54.26 मिलियन टन (एमटी) उत्पादन हुआ। गेवरा खदान का लक्ष्य 63 मिलियन टन है। इधर एसईसीएल ने 26 मार्च की स्थिति में 173.12 मिलियन टन कोयले का उत्पादन दर्ज किया है, जबकि 212 मिलियन टन का उत्पादन टारगेट है।

## मालगाड़ी से निकाल रहा था कोयला, आया हाईटेंशन तार की चपेट में, बिलासपुर रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा-चांपा सड़क मार्ग अंतर्गत उरगा थाना क्षेत्र पताड़ी के पास स्थापित और संचालित एक निजी पावर प्लांट के समीप एक हादसा घटित हो गया। बताया जाता है कि एक युवक मालगाड़ी से कोयला निकाल रहा था कि इसी दौरान हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया और बुरी तरह से झुलझ गया है। युवक को जिला मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया गया है जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए बिलासपुर रेफर कर दिया है।

जानकारी के अनुसार, पावर प्लांट के आसपास बाहरी राज्यों से आए मजदूर अस्थायी रूप से रहकर पावर प्लांट में कार्य करते हैं। इन मजदूरों को अक्सर मूलभूत सुविधाओं का सामना करना पड़ता है। बताया जा रहा है कि ओमप्रकाश उम्र 20 साल पिता संग्राम सिंह खाना बनाने के लिए कोयला ले गया हुआ था और मालगाड़ी के उपर चढ़कर कोयला निकाल रहा था। इसी दौरान वह ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाई टेंशन लाइन के संपर्क में आ गया। तार छूते ही उसे जोरदार करंट लगा और वह बुरी तरह झुलस गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने ओमप्रकाश को नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। जहां चिकित्सकों ने ओमप्रकाश 70 प्रतिशत तक झुलस जाने के कारण उसे बिलासपुर रेफर कर दिया है।



## कथा स्थल के समीप झाड़ियों में लगी आग, पुलिस ने दिखाई तत्परता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ढपढप में बाबा बागेश्वरधाम का दिव्या दरबार सजा हुआ है। जहां लाखों की सख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। बताया जाता है कि रविवार की दोपहर कथा स्थल से थोड़ी दूर पहले बांसबाड़ी में आग लग गई थी। जैसे ही पुलिस के अफसरों को इसकी भनक लगी पुलिस के अफसर टैंकर लेकर पहुंचे और बाल्टी से पानी लेकर आग बुझाने लगे।

कटघोरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढपढप में श्री हनुमंत कथा का आयोजन किया गया है। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज के द्वारा कथा श्रवण कराया जा रहा है। प्रतिदिन शाम को कथा आयोजित की जा रही है जहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हो रहे हैं। रविवार की दोपहर लगभग 12 बजे तथा स्थल से कुछ दूर पहले ही बांसबाड़ी में गर्मी के चलते अचानक आग लग गई थी और देखते-देखते आग विकराल रुप ले रहा था। इस दौरान नीतीश ठाकुर वहां से गुजर रहे थे जहां उनकी नजर पड़ी तो उन्होंने तत्परता दिखायी और इसकी सूचना फायर बिग्रेड को दी गई। फायर बिग्रेड टीम के पहुंचने के पहले कथा स्थल पर मौजूद पानी के टैंकर की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश ठाकुर और नगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ संदीप सिंह के द्वारा टैंकर से बाल्टी में पानी लेकर बांस और झाड़ी में लगे आग को बुझाने का प्रयास किया गया। कुछ देर बाद फायर बिग्रेड की टीम पहुंची और आग पर पूरी तरह से काबू पाया गया। आगजनी के दौरान किसी प्रकार का कोई जनहानि नहीं हुई है। वहीं सुरक्षा को लेकर जिला पुलिस पहले की अलर्ट मोड पर हैं। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी दिन और रात काम कर रही है।



झाड़ी में लगी आग को बुझाता पुलिस कर्मी।

**महिला के गले से सोने का हार पार**

ग्राम ढपढप में चल रहे श्री हनुमंत कथा सुनने के लिए भक्तों की भीड़ लगातार उमड़ रही है। भीड़ का फायदा उठाकर कुछ असामाजिक एवं आपराधिक तत्व अपने हरकतों से बाज नहीं आते हैं। बांकीमोगरा निवासी अमिता पंडित पति नवल किशोर अपनी पड़ोसियों के साथ कथा सुनने गई थी। पंडाल से जैसे ही निकली कि रास्ते में लोगों के भीड़ के बीच में किसी ने उनके गले से हार पार कर दिया। हार की कीमत लाखों की बतायी जा रही है। महिला की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## राखड़ डंप से लोग परेशान, ग्रामीणों में आक्रोश



राखड़ डंप करने से रास्ते में उड़ता धूल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कनकी-तरदा मार्ग पर राखड़ डंप किया जा रहा है। इससे आसपास के लोग बेहद परेशान हैं। इसे अवैध डंपिंग बताया जा रहा है। ग्रामीणों में इसे लेकर भारी आक्रोश है और उन्होंने आंदोलन की चेतावनी दी है। तरदा निवासी विनोद कुमार पटेल ने बताया कि भारी वाहन खुलेआम सड़क किनारे राखड़ डंप कर रहे हैं। कई जगहों पर तो राखड़ सीधे सड़क पर ही डंप किया जा रहा है, जिसे बाद में फिलिंग के लिए इस्तेमाल किया जाता है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से इसकी शिकायत भी की है। इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि, सड़क किनारे राखड़ डंप होने के कारण कई बार सड़क हादसे हो चुके हैं। हल्की आंधी या भारी गाड़ियों के गुजरने पर राखड़ उड़ने लगता है, जिससे लोगों को सांस लेने में और गाड़ी चलाने में काफी परेशानी होती है। यह मार्ग बिलासपुर और रायपुर जाने वाले लोगों के लिए महत्वपूर्ण है। साथ ही, कई गांवों के लोग भी इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। इस मार्ग पर भारी वाहनों का दबाव भी लगातार बढ़ रहा है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि इस मार्ग पर राखड़ डंप करने की अनुमति किसने दी और इन जमीनों का मालिक कौन है। महिला सरपंच गायत्री सिदार ने बताया कि इस मामले की शिकायत की गई है और इसका विरोध भी किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद, अवैध डंपिंग करने वाले अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। सरपंच ने चेतावनी दी कि आने वाले दिनों में इस मामले को लेकर आंदोलन किया जाएगा।

### तीन दिवसीय रेटिना हेल्थ अवेयरनेस कैंप आज से

**कोरबा।** निहारिका-कोसाबाड़ी क्षेत्र अंतर्गत रेटिना हेल्थ अवेयरनेस कैंप का तीन दिवसीय आयोजन किया जाएगा। उक्त रेटिना हेल्थ अवेयरनेस कैंप का आयोजन 30 मार्च से 01 अप्रैल तक प्रातः 10:30 बजे से 2 बजे तक एवं शाम 5 बजे से 7:30 बजे तक डॉ. भट्ट ईएनटी आई हॉस्पिटल (बिहाइंड होटल रिशु) में किया जाएगा। शिविर में डॉ. चन्दा सेठिया भट्ट द्वारा आँखों का परीक्षण किया जाएगा। अधिक जानकारी हेतु 91115-27893 पर संपर्क किया जा सकता है। साथ ही असुविधा से बचने के लिए परीक्षण हेतु पूर्व में समय लिया जा सकता है।

## एनसीएच गेवरा के मुख्य चिकित्सा अधिकारी पर मनमानी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



एसईसीएल नेहरू शताब्दी चिकित्सालय गेवरा के मुख्य चिकित्सा अधिकारी के खिलाफ कोयला मजदूर सभा ने मोर्चा खोल दिया है। संगठन के गेवरा प्रोजेक्ट सेक्रेटरी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी पर तानाशाही व पद के दुरूपयोग का गंभीर आरोप लगाया है। चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी किए गए तीन पत्रों को निरस्त करने व मेडिकल बिल के समय पर भुगतान को लेकर महाप्रबंधक को पत्र लिखा है।

**खास बात**

- एचएमएस ने जताया विरोध, समस्या समाधान को लेकर 15 दिन का दिया अल्टीमेटम

एचएमएस गेवरा प्रोजेक्ट सेक्रेटरी एससी मंसूरी ने पत्र में उल्लेख किया है कि नेहरू शताब्दी चिकित्सालय गेवरा क्षेत्र के मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा तानाशाही रवैया अपनाया जा रहा है। पद का दुरूपयोग करते हुए तरह तरह के पत्र जारी कर गेवरा प्रोजेक्ट व क्षेत्र के कर्मचारियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। दवाई लिमिट का प्रतिबंध व समय पर मेडिकल बिल का भुगतान नहीं किया जा रहा है। चिकित्सालय को सेंट्रल हॉस्पिटल का नाम दिया गया है, जो आज की तारीख में सिर्फ रेफर सेंटर बना हुआ है। डॉक्टरों, नर्सों, ईसीजी टेक्निशियन, ड्रेसर व अन्य स्टाफ की भारी कमी है, जो स्टाफ हैं, वे पूरी लगन व मेहनत से कार्य कर रहे हैं। उसके बाद भी यहां के कर्मचारियों को संडे व पीएच ड्यूटी के लिए मिन्नत करनी पड़ती है। श्री मंसूरी ने कहा कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा संडे व पीएच ड्यूटी देने में भेदभाव करते हुए चहेतों को पूरी सुविधा प्रदान की जा रही है। जिसके कारण कर्मचारियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। कर्मचारियों को दवाई न मिलने की स्थिति में बाहर से खरीदना पड़ता है। जब बिल भुगतान की बारी आती है तो दवाईयों का रैपर व पैकेट मांगा जाता है। यह नहीं लाए जाने पर बिल पास नहीं होता है। इस तरह कर्मचारियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। एचएमएस ने महाप्रबंधक को 15 दिवस के भीतर चर्चा कर समस्या निराकरण की मांग की है ताकि औद्योगिक शांति कायम रहे। दिए गए समय के भीतर प्रबंधन द्वारा सकारात्मक पहल न किए जाने पर चिकित्सालय के सामने हड़ताल की चेतावनी दी गई है। जिसमें धरना प्रदर्शन व क्रमिक भूख हड़ताल शामिल है।

### सुबह से ही ग्रामीण महिलाएं व बच्चे निकल जाते हैं महुआ बीनने

# गांव गांव में जमकर हो रहा है पीले सोने का संग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण अंचलों में इन दिनों महुआ संग्रहण का कार्य जोर-शोर से शुरू हो गया है। सुबह से ही ग्रामीण महिलाएं और बच्चे महुआ बीनने निकल जाते हैं। महुआ बीनने के दौरान जंगल में जंगली जानवरों का खतरा बना रहता है।

वन क्षेत्रों में हाथी और भालू के विचरण की खबरें आम बात हो गई है। जिसके कारण महुआ बीनने जाने वाले ग्रामीणों में डर बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि महुआ सीजन उनके लिए बेहद जरूरी होता है, इसलिए जोखिम के बावजूद उन्हें जंगल जाना पड़ता है। सुबह और शाम के समय वन्यजीवों की गतिविधि ज्यादा रहने से खतरा और बढ़ जाता है। कई बार अचानक आमना-सामना होने की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। वहीं वन विभाग द्वारा लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है। साथ ही ग्रामीण समूह में ही जंगल जाएं, शोर करते रहें और संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत सूचना दें। इसके अलावा संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी भी बढ़ाई जा रही है। इधर ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि महुआ संग्रहण के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, ताकि वे बिना डर के अपने काम को कर सकें।



महुआ संग्रहण करता ग्रामीण।

**हाथियों के झुंड ने पहले फसलों को रौंदा फिर पहुंचे पड़ोसी जिला**

कोरबा वनमंडल में विचरण कर रहे हाथियों ने पड़ोसी जिले की ओर रूख किया है। जिससे संबंधित क्षेत्र के ग्रामीणो और वन अमला ने राहत की सांस ली है। वनमंडल कोरबा के पसरखेत, कुदमुरा व कोरबा रेंज में लगभग तीन सप्ताह तक विचरण करने के बाद 9 हाथियों के झुंड ने शनिवार की रात धरमजयगढ़ का रूख कर लिया। हाथियों ने जाने से पहले कुदमुरा रेंज के चचिया गांव में 5 से अधिक ग्रामीणों के खेतों में लगे धान की रबी फसल को रौंद दिया है। जिससे संबंधित ग्रामीणों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। हाथियों ने जिस समय मूवमेंट किया उस समय वन विभाग के कर्मचारी व हाथी मित्र दल के सदस्य निगरानी में लगे रहे। रातभर हाथियों के झुंड का पीछा करते रहे। सुबह होने से पहले हाथियों के झुंड ने धरमजयगढ़ के जंगल सीमा में प्रवेश किया तो संबंधित वन अमले को इसकी सूचना देने के बाद वापस लौटे। ग्रामीणों ने जब इसकी सूचना वन विभाग को दी तब वन विभाग ने तत्काल नुकसान हुए फसलों का आंकलन करने पहुंची। जानकारी के अनुसार कटघोरा वनमंडल के जटगा रेंज में 49 हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। हाथियों का झुंड जटगा क्षेत्र में स्थित पहाड़ पर डेरा डाले हुए हैं।

खबर संक्षेप



### माँ सर्वमंगला मंदिर में जवारा विसर्जन के साथ समापन हुआ हुआ चैत्र नवरात्र

**कोरबा।** चैत्र शुक्ल अष्टमी के अवसर पर मंदिर में विधि-विधान से हवन-पूजन किया गया। मंदिर के प्रबंधक एवं राजपुरोहित नमन पाण्डेय (नन्हा महराज) सपत्नीक यजमान के रूप में उपस्थित रहे। विद्वान पंडितों और आचार्यों के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार, शंखनाद और अग्निहोत्र के साथ वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। हवन से उठता सात्विक धुआं पूरे परिसर में फैलकर शुद्धता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता रहा। हवन-पूजन के दौरान विश्व शांति, मानव कल्याण और समाज में सद्भाव स्थापित करने की कामना की गई। राजपुरोहित नमन पाण्डेय ने माता से प्रार्थना करते हुए कहा हे माँ सर्वमंगला! समस्त चर-अचर जगत का कल्याण करें, समाज में शांति और प्रेम का विस्तार हो, नारी शक्ति का सम्मान बढ़े और सनातन धर्म की विजय हो। नवमी तिथि की गोधूली बेला में जवारा कलश की पूजा-अर्चना के बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई। महिलाएं सिर पर जवारा कलश लेकर ढोल-ताशों की गूंज के बीच पवित्र हसदेव घाट पहुंचीं। वहां पारंपरिक विधि से पूजा-अर्चना कर जवारा कलशों का विसर्जन किया गया। जय माता दी के जयकारों से गूंजते वातावरण में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला।

### हनुमान प्राकट्य उत्सव पर हुआ हनुमान चालीसा पाठ हवन पूजन

**कोरबा।** चैत्र पूर्णिमा 2 अप्रैल को संकट मोचन श्री हनुमान का प्राकट्य उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। कोरबा के सर्वमंगलाघाट पर नमामि हसदेव सेवा समिति कार्यक्रम कर रही है। संयोजक ने बताया कि सुबह 11 मौके पर पूजा अर्चना की जाएगी। इसके बाद हनुमान चालीसा का पाठ शुरू होगा, जिसकी आवृति 108 होगी। इस अवसर पर शास्त्र सम्मत यज्ञ हवन की परंपरा भी यहां पर निभाई जाएगी। संध्या 6 बजे इसी घाट पर हसदेव की महा आरती की जायेगी। इसी तरह अनेक स्थानों पर अन्य कार्यक्रम लोगों ने रखे हैं। बांकीमोंगरा में विशाल भंडारा का आयोजन पवन अग्रवाल और उनके परिजनों की ओर से होना। भगवान बालाजी मेहंदीपुर की अनुकंपा और स्मृतिशेष प्रभु दयाल अग्रवाल और इमरती देवी अग्रवाल की प्रेरणा से यह भंडारा दोपहर 12 बजे से 2 अप्रैल को बाकी मोगरा में होगा। पवन अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, उमेश अग्रवाल और परिवार की ओर से कार्यक्रम की तैयारी की जा रही है। क्षेत्र के श्रद्धालुओं से आयोजन में उपस्थिति दर्ज करने का आग्रह किया गया। प्राकट्य उत्सव के लिए कोरबा के अंजनीकुंज, कोसाबाड़ी चौक, हनुमान मंदिर सेक्टर-5 बालकोनगर, कुसमुण्डा-दीपका और अन्य क्षेत्रों में तैयारी की जा रही है।

### जलाराम मंदिर में धूमधाम से मनाया गया भगवान श्रीराम का प्राकट्य उत्सव

**कोरबा।** श्री गुजराती समाज एवं जलाराम सेवा समिति के तत्वाधान में संत श्री जलाराम मंदिर परिसर में रामनवमी पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे श्रीराम धुन एवं भजन-कीर्तन से हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम के प्राकट्य (जन्मोत्सव) का आयोजन विधिवत रूप से किया गया। जैसे ही श्रीराम जन्म का शुभ क्षण आया, पूरा परिसर जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। इसके पश्चात भगवान श्रीराम की विधिवत महाआरती की गई। आरती के बाद श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में श्री गुजराती समाज के सभी सदस्यों एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही, जिससे आयोजन और भी भव्य बन गया। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिभाव और उत्साह का विशेष माहौल देखने को मिला।

### हत्या करने वाला भाई को आजीवन कारावास की सजा

**कोरबा।** कटघोरा न्यायालय ने हत्या मामले में आरोपी भाई को दोषी ठहराते हुए आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। यह मामला थाना पाली क्षेत्र का है, जहां आरोपी ने अपनी ही बहन की टंगिया से हमला कर हत्या कर दी थी। चैतराम पण्डो निवासी तेलसरा ललमटिया चौकी चैतमा के विरुद्ध धारा 302 भादवि के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था। घटना 29 मई 2022 की है, जब आरोपी ने अपनी बहन गीता बाई पर आरोप लगाया कि उसने उसकी पत्नी को शराब पिलाई थी। इसी बात से नाराज होकर उसने गुस्से में आकर टंगिया से बहन के सिर और कनपटी पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। गंभीर चोट लगने के कारण गीता बाई की मौके पर ही मौत हो गई। अभियोजन पक्ष की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक संजय जायसवाल ने प्रभावी पैरवी करते हुए गवाहों और साक्ष्यों के आधार पर आरोपी का अपराध संदेह से परे सिद्ध किया। प्रकरण की सुनवाई के बाद माननीय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती मधु तिवारी (कटघोरा न्यायालय) ने 25 मार्च को फैसला सुनाते हुए आरोपी को धारा 302 भादवि के तहत दोषी करार दिया। न्यायालय ने उसे आजीवन सश्रम कारावास तथा एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

समय के अनुसार तय होगी बिजली की कीमत

# अब जल्द टीओडी सिस्टम होगा लागू, स्मार्ट मीटर के उपभोक्ताओं को मिलेगा फायदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



अब बिजली का बिल आपके उपयोग के समय पर निर्भर करेगा। पड़ोसी राज्य बिहार में 1 अप्रैल से स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं के लिए लागू होने जा रहे टाइम ऑफ डे (टीओडी) टैरिफ की तर्ज पर प्रदेश में भी टीओडी लागू करने की योजना पर काम शुरु कर दिया गया है। शुरुआत में कामर्शियल उपभोक्ताओं पर टीओडी सिस्टम लागू होगा। जैसे ही स्मार्ट मीटर लगाने का काम पूरा होगा घरेलू उपभोक्ताओं को भी टीओडी का लाभ मिलेगा।

छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी ने इस प्रणाली को लागू करने की दिशा पर काम शुरु कर दिया है। जिससे उपभोक्ताओं को अपनी खपत बेहतर तरीके से प्रबंधित करने का मौका मिलेगा। टाइम ऑफ डे (टीओडी) टैरिफ का मतलब है कि बिजली की कीमतें समय के अनुसार तय की जाएंगी। जब बिजली की मांग अधिक होती है, तब दरें बढ़ेंगी और कम मांग के समय दरें घटेंगी। ऊर्जा सचिव डा. रोहित यादव ने बताया कि पीक आवर्स के दौरान लोड कम करने के लिए उपभोक्ताओं को रियायत और जागरूकता संदेश भेजने की योजना पर विचार किया जा रहा है। नई व्यवस्था के तहत दिन को तीन अलग-अलग समय स्लॉट में बांटा गया है। इससे करीब 87 लाख स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को अपनी खपत को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली का उपयोग करने पर उपभोक्ताओं को सामान्य दर से 20 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। वहीं, शाम 5 बजे से रात 11 बजे तक बिजली का उपयोग करने पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत चार्ज देना पड़ सकता है। जानकारों की मानें तो उपभोक्ता यदि वाशिंग मशीन, गीजर, पानी की मोटर या प्रेस जैसे भारी उपकरणों का उपयोग दिन के समय करें, तो वे आसानी से बिजली बिल में बचत कर सकते हैं। स्मार्ट मीटर और डिजिटल ऐप्स के जरिए उपभोक्ता अपनी खपत पर नजर रख सकेंगे और सही समय पर उपयोग करके खर्च कम कर पाएंगे।

**स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए अनिवार्य**

यह नियम फिलहाल केवल उन्हीं उपभोक्ताओं पर लागू होगा, जिनके यहां स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगे हैं। अधिकारियों का कहना है कि इस व्यवस्था से बिजली ग्रिड पर दबाव कम होगा और कटौती की समस्या में भी राहत मिलेगी। यह उपभोक्ताओं के लिए बिजली बिल कम करने का एक बेहतर अवसर साबित हो सकता है।

**स्मार्ट मीटर लगने के बाद टीओडी टैरिफ होगा लागू**

फिलहाल कामर्शियल उपभोक्ताओं पर टीओडी का नियम लागू किया जा रहा है आने वाले समय में जैसे ही प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने का काम पूरा हो जाएगा घरेलू उपभोक्ताओं को भी टीओडी टैरिफ का लाभ मिलेगा। उपभोक्ता दिन के समय वाशिंग मशीन, वॉटर पंप, प्रेस जैसे भारी उपकरणों का उपयोग कर कम टैरिफ का लाभ ले सकेंगे वहीं शाम के बाद पिकआवर के दौरान बढ़े हुए दर पर टैरिफ लागू होगा।

**भीम सिंह कंवर**, एम डी, सीएसपीडीसीएल

## रसोईया पर छात्रावास के छात्र पर हमले का लगा आरोप, प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा थाना अंतर्गत छुरी स्थित प्री-मैट्रिक आदिवासी छात्रावास में नशे में धुत रसोइया ने कक्षा 6वीं के छात्र पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला का आरोप लगाया गया है। वहीं इस मामले को लेकर कटघोरा थाना प्रभारी ने कहा कि छात्रावास प्रबंधन की शिकायत पर रसोईया पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। हमले की बात सामने नहीं आयी है। कटघोरा थाना क्षेत्र के प्री मैट्रिक छात्रावास में पदस्थ रसोइया केसर दुबे शराब के नशे में धुत होकर छात्रावास पहुंचा और रसोईया लकड़ी काट रहा था इस दौरान कुछ छात्र मौके पर पहुंचे थे जहां रसोईया ने बच्चों को वहां से जाने के लिए कहा तो भागने के दौरान कक्षा 6वीं छात्र गिर गया था। जिससे उसके हाथ में चोट आयी है। यह घटना 27 मार्च की बतायी जा रही है। कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने बताया कि छात्र के माता पिता ने अब तक किसी तरह की शिकायत नहीं की है। छात्रावास प्रबंधन की ओर से आये शिकायत के आधार पर रसोईया के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है।

### कोल इंडिया चेयरमैन से मिला प्रतिनिधिमंडल, मिला आश्वासन

**कोरबा।** कोल इंडिया लिमिटेड मुख्यालय में ऑल इंडिया एससी एसटी ओबीसी एम्प्लॉय को-ऑर्डिनेशन काउंसिल के प्रतिनिधिमंडल ने कंपनी के चेयरमैन बी साईंराम से शिष्टाचार मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने चेयरमैन को काउंसिल दर्पण पुस्तक भेंट की। कोल इंडिया व उसकी सभी सहायक कंपनियों से जुड़े लंबित कर्मचारियों के मामले पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में काउंसिल के अध्यक्ष बृजकिशोर राम, पूर्व सांसद बृजमोहन राम, काउंसिल के ओबीसी महासचिव दिलीप कुमार शिवम, उपाध्यक्ष तेजवेंद्र सिंह शामिल थे। अध्यक्ष ने बताया कि चेयरमैन से एससी एसटी व ओबीसी आरक्षण नीति को प्रभावी व पूर्ण ढंग से लागू करने, भर्ती व पदोन्नति में वर्षों से लंबित बैकलॉग रिक्तियों को जल्द भरने, प्रमोशन प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने, कर्मचारी कल्याण व आरक्षण नीति से जुड़े मुद्दों का समाधान करने पर चर्चा हुई। इस पर चयरमैन ने सकारात्मक आश्वासन दिया है।

## श्री सप्तदेव मंदिर में मनाया गया रामनवमी उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



श्री सप्तदेव मंदिर में श्री रामनवमी को पावन उत्सव मनाया गया। पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण व्याप्त रहा और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का आयोजन विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ सम्पन्न हुआ। मंदिर के प्रमुख पुजारी पं. नवीन तिवारी महाराज एवं सोमदत्त द्विवेदी महाराज द्वारा भगवान श्रीराम सहित उनके तीनों भ्राताओं भरत, लक्ष्मण एवं शत्रुघ्न जी का जन्म संस्कार पूरे विधि-विधान से कराया गया। जैसे ही भगवान के प्राकट्य का समय हुआ, बैंड-बाजों से मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। शाम 6 बजे से दादी की बेटियों द्वारा विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें छोटे-छोटे बच्चों को भगवान श्रीराम के स्वरूप में सजाकर संगीतमय मंगलपाठ, भजन-कीर्तन एवं मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए गए। इन कार्यक्रमों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। लगभग 150 महिलाओं ने मंदिर परिसर में सामूहिक परिक्रमा कर ऐसा अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर श्री सप्तदेव मंदिर ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी अशोक मोदी, अमरनाथ अग्रवाल, जगदीश प्रसाद अग्रवाल, वेदांत मोदी, वैद्यिक मोदी, आशीष सिंह, ज्योति यादव, शीतल कौर एवं बीएम शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## ग्राम्य भारती कालेज में दीक्षारंभ समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम एम वैष्णव ने छात्र छात्राओं को बताए कि भारत सरकार द्वारा लागू की गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार किए गए हैं। इस नीति का उद्देश्य शिक्षा को अधिक समावेशी, लचीला तथा रोजगारोन्मुख बनाना है। इसके तहत निजी (प्राइवेट) छात्रों को भी कई नए अवसर प्रदान किए गए हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के समन्वयक डॉ के के दुबे ने अपने वक्तव्य में कहा कि छात्रों को विषय चयन में अधिक स्वतंत्रता दी गई है। अब छात्र अपनी रुचि और योग्यता के अनुसार विभिन्न विषयों का चयन कर सकते हैं। इसके साथ ही बहु-विषयक शिक्षा प्रणाली को बढ़ावा दिया गया है, जिससे छात्र विज्ञान, कला और वाणिज्य जैसे विभिन्न क्षेत्रों के विषयों का अध्ययन एक साथ कर सकते हैं। निजी छात्रों के लिए परीक्षा प्रणाली को भी अधिक सरल और पारदर्शी बनाने का प्रयास किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा और डिजिटल शिक्षा पर विशेष बल दिया गया है, जिससे छात्रों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान प्राप्त हो सके। समन्वयक विक्रम कुमार ने बताया कि 3 से 4 वर्ष का पाठ्यक्रम को पूर्ण करने के लिए 7 वर्ष का समय दिया गया है जिसमें जब चाहे छात्र छात्राओं को पढ़ाई को छोड़ कर सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, का अंकसूची प्राप्त कर सकते हैं लेकिन उनकी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म आदि से 4 क्रेडिट प्राप्त करना अनिवार्य होगा। यह नीति छात्र छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मुख्य उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सभी तक पहुँचाना है। इसके माध्यम से निजी छात्रों को भी उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे तथा वे अपने भविष्य को अधिक सुदृढ़ बना सकेंगे।

## भक्ति और श्रद्धा के संग हुआ सत्संग विहार मंदिर का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



आध्यात्मिक आस्था और उल्लास के माहौल में सत्संग विहार मंदिर का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। देवघर से पधारे पूज्य सिपाही दा ने प्रातः 9:10 बजे विधिवत रूप से मंदिर के पट खोलकर इस पावन स्थल का शुभारंभ किया। उद्घाटन के इस पवित्र अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने एक स्वर में 108 वंदे पुरुषोत्तम की गूंज के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसी दौरान श्रद्धा और भक्ति के भाव के साथ परम पूज्य श्री श्री ठाकुर अनुकुलचंद्र के तैलचित्र का विधिवत अनावरण किया गया, जिसने पूरे परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत कर दिया। इसके पश्चात कार्यक्रम का अगला चरण सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल सीतामणी के प्रांगण में आयोजित हुआ, जहां भक्तों द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर प्रभु भक्ति का रसपान किया गया। मधुर भजनों और सामूहिक कीर्तन ने श्रद्धालुओं को भक्ति भाव में सराबोर कर दिया। अंत में सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर कार्यक्रम का समापन किया। इस पूरे आयोजन में क्षेत्र के श्रद्धालुओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने इसे एक ऐतिहासिक और स्मरणीय अवसर बना दिया।

### एसईसीएल मुख्यालय में कल्याण मंडल की बैठक संपन्न

**कोरबा।** एसईसीएल मुख्यालय इंदिरा विहार स्थित बिलासपुर मुख्यालय में कंपनी स्तरीय कल्याण मंडल की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता निदेशक बिरंची दास ने की। बैठक में कल्याण मंडल के सदस्य महेंद्र पाल सिंह, बजरंगी साही, राजेश शर्मा, प्रीतम नाथ पाठक, अमृत लाल, पी. चंद्रकांत सहित मुख्यालय बिलासपुर के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## युवती की फांसी के फंदे में मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम तुमान की घटना

एक 20 वर्षीय युवती ने अपने घर में फांसी के लगा ली थी। जब परिजनों को पता चला तो परिजन आनन फानन में युवती को फंदे से नीचे उतारकर उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया है। युवती ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस फिलहाल मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। प्राथमिक जांच के दौरान युवती की तबीयत पिछले कुछ दिनों से खराब होने की बात सामने आ रही है। उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तुमान निवासी प्रिया कंवर 20 वर्ष पिता सुंदर सिंह कंवर ने घर में फांसी लगा ली थी जब परिजनों ने उसे देखा कि वह फांसी के फंदे से झूल रही है तत्काल उसे फंदे से उसे नीचे उतारा गया और जिला मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत प्रिया को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक प्रिया कंवर की तबीयत पिछले कुछ दिनों से खराब थी लगातार उसके सिर में दर्द हो रहा था और उसे मेडिकल कॉलेज में कुछ दिनों पूर्व भर्ती कराया गया था लेकिन सिर का दर्द ठीक नहीं होने के कारण वह काफी परेशान रहती थी, संभवतः इसी के चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठाया होगा। फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है। जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट हो पाएगा।

हरिभूमि नं. 1 एजेंसी देना है
आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि की पाली में एजेंसी देना है।
इच्छुक व्यक्ति रक्षाधन (डिपॉजिट राशि) के साथ संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा
मो. 7581808267, 7049267780

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

बागेश्वर धाम सरकार की कथा में उमड़ा जनसैलाब

# धर्मांतरित लोगों के घर वापसी का ये सही मौका : धीरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बागेश्वर धाम सरकार धीरेंद्र शास्त्री की ढपढप बांकीमोंगरा में आयोजित हनुमंत कथा के दौरान धीरेंद्र शास्त्री ने अपने चिर परिचित अंदाज में हिंदुओं के धर्मांतरण, उनके घर वापसी की बातें कहीं। मंच से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि कोरबा, बिलासपुर, जशपुर और आसपास जिलों में जिनका धर्मांतरण हुआ है, उनके लिए घर वापसी का यह सबसे अच्छा मौका है।

कथा के दौरान बागेश्वर धाम सरकार धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि वेलकम टू माय स्टेज माय डियर यह भी कहा कि अब किसी हिन्दू का धर्मांतरण नहीं होगा। धीरेंद्र शास्त्री की कथा सुनने के लिए हजारों की तादाद में लोग कथा स्थल पर जुटे हुए थे। धीरेंद्र शास्त्री को देखने व उनकी कथा सुनने लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। उनके बोलने के अंदाज के कारण ही अधिक भीड़ जुटती है। धीरेंद्र शास्त्री ने धर्मांतरण पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि अब किसी हिंदू का धर्मांतरण नहीं होगा और हमने तो सुना है कि यहां हालेलुया वालों की संख्या बहुत है। हम 5 दिन तक यहां रहेंगे, 1 अप्रैल तक यहां हैं। इस दौरान उनकी ठठरी मारी जाएगी और जिनको घर वापसी करनी है। उनके लिए यह सबसे अच्छा मौका है. हमारे पास चले आएं। इस हनुमंत कथा का आयोजन अपना घर आश्रम के माध्यम से किया जा रहा है। अपना घर सेवा आश्रम अनाथ और मानसिक तौर पर कमजोर लोगों के लिए एक अनाथ आश्रम की तरह है। धीरेंद्र शास्त्री ने इसके संस्थापक और संचालक राणा की तारीफ की और कहा कि दोनों पति पत्नी बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि कथा स्थल वाले गांव का नाम ढपढप बहुत बढ़िया है। कोरबा पहली बार आया हूं लेकिन इसी कोरबा से जो कोयला निकलता है। उससे हमारे मध्य प्रदेश को भी बिजली मिलती हैं। यहां से कोयला ना मिले तो अंधेरा हो जाएगा। कोरबा से ही उजाला मिलता है, यहां से इंधन मिलता है। कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हमारा आना-जाना लगा रहता है और प्रभु श्री राम और चंदखुरी वाली माता कौशल्या के नाते हम आपके भांजे लगेंगे। छत्तीसगढ़ से हमारा गहरा नाता है और छत्तीसगढ़ बेहद खूबसूरत जगह है। जहां के लोगों में काफी आस्था है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/-
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
27 मई, 10 जून, 12 अगस्त,
02 सितम्बर, 30 सितम्बर 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411